## संक्षिप्त समाचार

### 34 प्रोफेसर्स के भरोसे चल रहा बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय

**भोपाल।** बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। परिषद का कहना है कि जब तक विश्वविद्यालय शैक्षणिक, प्रशासनिक और आर्थिक अनियमितताओं की भेट चढ़ चुका है। जब तक विवि में मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 52 लागू नहीं होती है और कुलपति इस्तीफा नहीं देते हैं तो अनिश्चितकाल तक धरना चलेगा। परिषद ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर की भारी कमी है। मात्र 34 प्रोफेसर्स के भरोसे विवि चल रही है। एमबीए की परीक्षा जनवरी में हुई थी, पर अभी तक परिणाम नहीं आए हैं। छात्रावासों में सुविधाओं का अभाव और प्रशासनिक अव्यवस्था, विवि में नामांकन भी कम हो रहे हैं। कुलपति का व्यवहार तानाशाह जैसा है। एबीवीपी के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय वर्तमान में केवल 34 नियमित शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। कई विभागों में शिक्षकों के पद लंबे समय से खाली हैं। हाल ही में 31 शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया, लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। विवि में कुल 105 शिक्षकों की जरूरत है। परिषद का आरोप है कि प्रबंधन की इच्छाशक्ति की कमी के कारण भर्ती नहीं हो पा रही है।

### बहू बोली-रिटायर्ड पुलिसकर्मी ससुर ने घर से निकाला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश महिला आयोग की जनसुनवाई में गुरुवार को एक महिला ने बताया कि उसके रिटायर्ड पुलिसकर्मी ससुर ने उसे घर से निकाल दिया है। उसके साथ सास, देवर, देवरानी और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी पिटाई की। लगातार विवाद, मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक दबाव के कारण उसे अपने बच्चों के साथ किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि वह किसी प्रकार का विवाद नहीं चाहती, बल्कि केवल अपने और बच्चों के लिए सुरक्षित जीवन चाहती है। उन्होंने मांग की है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, उन्हें भरण-पोषण का खर्च दिया जाए। पीड़िता ने बताया कि शादी के 15 साल बीत चुके हैं। शुरू में सब ठीक था, लेकिन 3 साल पहले पति को ब्रेन ट्यूमर हो गया था, जिसके बाद ससुराल वालों का रवैया बदल गया। अब उन्होंने मेरे पति को भी मेरे खिलाफ कर दिया है। वह भी मेरे साथ नहीं हैं। बीमारी के कारण उन्हें कुछ याद नहीं रहता। जो उनके माता-पिता कहते हैं, उसे ही वह सच मानते हैं। मेरे तीन बच्चे हैं, अब मैं इन्हें लेकर कहां जाऊं, कैसे मैनेज करूं।

### भांजे ने किया रेप, परेशान मामी ने खाया जहर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली 33 वर्षीय महिला ने अपने ही भांजे पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरोपी घर में घुसकर उसके साथ कई बार गलत काम करता रहा। परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता मिसरोद इलाके के एक गांव में अपने पति के साथ रहती है। उसका पति सब्जी का काम करता है और रोजाना सब्जी खरीदने के लिए मंडीदीप की मंडी जाता है। आरोपी भी उसी गांव में पीड़िता के घर के पास रहता है। महिला के बयान के मुताबिक 5 जून को आरोपी पति की गैर मौजूदगी में घर में घुस आया और उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद आरोपी कई बार इसी तरह की हरकत करता रहा। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने पति और परिजनों को दी, लेकिन आरोप है कि कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। आरोपी को समझाइश तक नहीं दी गई।

### भोपाल में 1.267 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल की टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गुरुवार को एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.267 किलो अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि हरिजन बस्ती की पानी टंकी के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहिद खान (47) निवासी करीम बक्स कॉलोनी भोपाल बताया। पुलिस ने जब उसके पास मौजूद ग्रे रंग के बैग की तलाशी ली तो उसमें गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी से गांजा रखने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई लाइसेंस या अनुमति पत्र पेश नहीं कर सका। इसके बाद मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शाहिद खान के खिलाफ पहले से लूट, आबकारी एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई अपराध दर्ज हैं।

### बच्चों में भाषा, संज्ञानात्मक, सामाजिक और गणितीय समझ को प्रस्तुत किया

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सीख और नवाचारों का उत्सव बना ईसीई सेमिनार

**भोपाल ■ निसं**

शाला पूर्व शिक्षा को बच्चों के लिए अधिक आनंददायक, प्रभावी और सीख-केंद्रित बनाने की दिशा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे नवाचारों और प्रयासों को साझा करने के लिए अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी सभागार में ईसीई सेमिनार आयोजित किया गया। फंदा परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस सेमिनार में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने केंद्रों पर किए गए प्रयोगों, बच्चों के साथ हुए सीखने के अनुभवों और स्थानीय संसाधनों के उपयोग से विकसित शिक्षण पद्धतियों को प्रस्तुत किया। इस सेमिनार का आयोजन फंदा परियोजना एवं अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के



संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सेमिनार में सात सेक्टरों से आई 175 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, सीडीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन से जुड़े जानकार शामिल हुए। सेमिनार में 14 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रस्तुतियां केंद्र में रहीं, जिनमें उन्होंने खेल, गतिविधियों और स्थानीय शिक्षण-अधिगम सामग्री के माध्यम से बच्चों में भाषा, संज्ञानात्मक, सामाजिक और गणितीय समझ को प्रस्तुत किया गया।

प्रस्तुतियों में यह भी सामने आया कि नियमित अवलोकन, बच्चों की रुचियों को समझने और समुदाय की भागीदारी बढ़ाने से आंगनवाड़ी केंद्रों का सीखने का वातावरण अधिक समृद्ध हुआ है।

**टीएलएम प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र:** सेमिनार के दौरान विभिन्न आयामों पर आधारित टीएलएम प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय संसाधनों से तैयार की गई शिक्षण सहायक सामग्री को प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागियों ने इन सामग्री का अवलोकन कर उनके उपयोग और प्रभाव पर चर्चा की।

**सीख और समझ को मिला मंच:** महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी कोमल उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सीख और समझ को सामने लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने शाला पूर्व शिक्षा के विभिन्न आयामों पर किए गए कार्यों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण कर उन्हें प्रस्तुत किया है, जो सराहनीय है। बच्चों की सीख को बेहतर बनाने के लिए टीएलएम और गतिविधि-आधारित शिक्षण के उपयोग से सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। इस मौके पर सुपरवाइजर मधु मिश्रा, सुषमा पाटीदार, रजनी गुप्ता , जीतूबाला आदि ने भी अपनी बातें रखीं।

**उत्कृष्ट प्रयासों का हुआ सम्मान:** सेमिनार के समापन सत्र में प्रस्तुति देने वाली सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला प्रमुख परेश पंडया, ब्लॉक समन्वयक सिद्धार्थ कुमार जैन सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। सेमिनार का संयोजन पारुल डुग्गल, शुभ्रा मिश्रा, दीपा जोस, पूजा सक्सेना और रमाकांत प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर इंद्रनील चक्रवर्ती, राखी सोनी, भुवन तिवारी, नेहा शर्मा, राजश्री पांडे, निवेदिता तिवारी, सुप्रिया सिंह, चंद्रकांत आदि उपस्थित थे।

### आरोग्य भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय होम्योपैथी कार्यशाला 'अमृतम्' सम्पन्न

# देशभर के 92 प्रतिशत जिलों में स्वास्थ्य सेवा का कार्य कर रही है- डॉ.अशोक वार्ष्णेय

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल के आयुष सभागार में आरोग्य भारती के द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथी कार्यशाला '' अमृतम् '' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्घाटन मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार के द्वारा सम्पन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में आयुष मंत्री ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथी एक ऐसी विधा है जो रोगी को स्वस्थ करता ही है साथ ही स्वस्थ व्यक्ति को भी स्वस्थ बना कर रखता है। वर्तमान समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए-नए शोध हो रहे हैं। स्वास्थ्य के सभी विधाओं को मिलकर काम करने की आवश्कता महसूस हो रही है।

यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि आरोग्य भारती इन सभी विधाओं को एक साथ मिलाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नया आयाम खड़ी कर रही है। मध्य प्रदेश सरकार भी होम्योपैथी के साथ-साथ आयुष के अन्य सभी विधाओं के विकास के लिए सदैव तत्पर है। इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। होम्योपैथी के विकास के लिए आरोग्य भारती ने जो राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया है इसके लिए आरोग्य भारती बधाई के पात्र है। इसी सत्र में सारस्वत अतिथि के रूप में राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली के




**500 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, शोधार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित थे**

इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान कोलकाता के प्राध्यापक डॉ. शिशिर सिंह एकीकृत चिकित्सा पद्धति में होम्योपैथी के द्वारा बच्चों के विकास विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। अहमदाबाद गुजरात के श्री एस.बी. डंगायच जी लोक स्वास्थ्य में होम्योपैथी की भूमिका, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली के डॉ. रजत चट्टोपाध्याय एकीकृत स्वास्थ्य व्यवस्था में होम्योपैथी की भूमिका, लखनऊ के डॉ. गिरीश गुप्ता जी शोध एवं प्रमाण आधारित होम्योपैथी दिल्ली के डॉ. बी.एस. जौहरी जी होम्योपैथी के द्वारा गर्भ संस्कार तथा अहमदाबाद के डॉ. शिवांग स्वामिनारायण जी तथा डॉ. भास्कर भट्ट जी ने होम्योपैथी विकास एवं भविष्य विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यशाला में सम्पूर्ण देशभर से 500 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, शोधार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।

अध्यक्ष डॉ. तारकेश्वर जैन ने कहा कि वर्तमान समय में होम्योपैथी नए-नए शोध पर आधारित चिकित्सा पद्धति है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय इस विषय पर निरंतर कार्य कर रहा है। विद्यार्थी एवं चिकित्सकों के लिए कई प्रकार की योजनाएं लागू की गई है। मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने आरोग्य भारती का परिचय देते हुए कहा वर्तमान समय में आरोग्य भारती संपूर्ण देशभर के सभी प्रांतों के 92 प्रतिशत जिलों में स्वास्थ्य सेवा का कार्य कर रही है।

वर्तमान समय में एकीकृत चिकित्सा पद्धति की आवश्यता है जिसमें सभी चिकित्सा पद्धति अपनी-अपनी अच्छाइयों का प्रयोग करते हुए रोगी को स्वस्थ करने का कार्य करे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के अवर सचिव डॉ. संजय मिश्रा जी ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे आयुष योजनाओं के विषय में अपने विचार व्यक्त किये।

### आरएनटीयू एवं एसजीएसयू ने मनाया भव्य प्लेसमेंट डे

# 650 से अधिक विद्यार्थियों को मिले नियुक्ति पत्र, 130 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने की रिक्रूटमेंट



**भोपाल ■ निसं**

आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज के अंतर्गत संचालित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू), भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से रेडिसन होटल, गुलमोहर, भोपाल में भव्य प्लेसमेंट डे 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के 650 से अधिक चयनित विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों से प्राप्त नियुक्ति पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 दोनों विश्वविद्यालयों के लिए प्लेसमेंट के क्षेत्र में अत्यंत सफल रहा। इस दौरान 130 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने कैंपस भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 650 से अधिक विद्यार्थियों का चयन विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों में हुआ। यह उपलब्धि विश्वविद्यालयों की उद्योगोन्मुखी शिक्षा, कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण एवं मजबूत उद्योग-अकादमिक सहयोग का प्रमाण है। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ. रवि प्रकाश दुबे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक श्री अभय अरुण महिषी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा, 'हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, प्रतिबद्धता और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे सक्षम और आत्मविश्वासी युवा तैयार करना है जो बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना कर सकें और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।'

# रुडसेट संस्थान में आर्टीफीशियल ज्वेलरी निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण सम्पन्न

**भोपाल ■ निसं**

रुडसेट संस्थान भोपाल द्वारा विगत 14 दिनों से संचालित हो रहे आर्टीफीशियल ज्वेलरी निर्माण के नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विश्वास साहनी राज्य नियंत्रक, आरसेटी, मध्य प्रदेश उपस्थित हुये। संस्थान के निदेशक तमन कुमार डोहले ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के लिये ग्राम खेजड़ा देव में नि:शुल्क आयोजित किया गया था जिसमें 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आर्टीफीशियल ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण श्रीमती रुचि शाह द्वारा ग्राम स्तर पर दिया गया। ज्वेलरी निर्माण प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग, बीमा, सफल उद्यमी के गुण आदि जानकारी भी विस्तार से दी गई जिससे उन्हें



प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग, बीमा, सफल उद्यमी के गुण आदि जानकारी दी

अपना स्वरोजगार प्रारंभ करने में आसानी हो सके। मुख्य अतिथि श्री विश्वास साहनी ने अपने उद्बोधन में सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएँ दी तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार की गई ज्वेलरी की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह व्यवसाय आज के दौर में बहुत उपयोगी है, जिसमें छोटी सी लागत से कार्य प्रारंभ किया जा सकता है और अच्छी आमदनी प्राप्त की जा सकती है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विश्वास साहनी के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

इस अवसर पर रुडसेट संस्थान भोपाल के वरिष्ठ संकाय श्री संदीप सोनी, भगवान सिंह उपस्थित थे।

# टिकट जांच स्टाफ की सतर्कता एवं संवेदनशीलता से महिला यात्री को मिली सुरक्षित यात्रा

**भोपाल ■ निसं**

मंडल में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में बुधवार को गाड़ी संख्या 20805 विशाखापत्तनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस में नागपुर से भोपाल तक यात्रा कर रही एक महिला यात्री को टिकट जांच स्टाफ की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता के कारण सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई।

यात्रा के दौरान महिला यात्री ने अपने ससुराल पक्ष से जान-माल के खतरे की आशंका व्यक्त करते हुए सहायता का अनुरोध किया। मामले की गंभीरता को समझते हुए टिकट जांच स्टाफ श्री कैलाश रैकवार एवं श्री अविनाश डोंगरे ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए। यात्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसकी सीट को सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थान



पर परिवर्तित किया गया तथा पूरी यात्रा के दौरान उस पर विशेष निगरानी रखी गई।

दोनों कर्मचारियों ने समन्वित प्रयासों, संवेदनशील व्यवहार एवं उच्च स्तर की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला यात्री को भोपाल स्टेशन तक सकुशल एवं सुरक्षित पहुँचाया। उनकी सतर्कता के कारण यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

कैलाश रैकवार एवं श्री अविनाश डोंगरे द्वारा प्रदर्शित तत्परता, मानवीय दृष्टिकोण तथा यात्री सुरक्षा के प्रति समर्पण भारतीय रेल की सेवा भावना एवं यात्रियों के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके इस सराहनीय कार्य की रेल प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई है।

# सीआरएस 12 जून को भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन के श्यामपुर-कुरावर स्टेशन तक 13.70 किलोमीटर का करेंगे निरीक्षण

**भोपाल ■ निसं**

रामगंजमंडी-भोपाल नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत निर्मित 13.70 किलोमीटर श्यामपुर-कुरावर रेलखंड के कमीशनिंग कार्य हेतु रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य क्षेत्र, मुंबई श्री गुरू प्रकाश द्वारा दिनांक 12 जून 2026 को निरीक्षण किया जाएगा। यह निरीक्षण रेलखंड की संरक्षा, तकनीकी गुणवत्ता तथा यात्री एवं मालगाड़ी संचालन के लिए उसकी उपयुक्तता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 जून 2026 को प्रात: 09:30 बजे से सायं 07:00 बजे तक श्यामपुर-कुरावर रेलखंड पर विभिन्न संरक्षा एवं तकनीकी मानकों का गहन परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान ट्रैक, पुलों, समपार फाटकों, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली सहित अन्य रेलवे अवसंरचनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही रेलखंड पर स्पीड ट्रायल एवं अन्य परिचालन परीक्षण भी किए जाएंगे, जिनमें ट्रेनों का संचालन सामान्य से अधिक गति पर किया जा सकता है।

निरीक्षण के दौरान ट्रैक की गुणवत्ता, संरचनात्मक स्थिरता, पुलों एवं समपार फाटकों की सुरक्षा, सिग्नल एवं संचार प्रणाली की कार्यक्षमता तथा आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जायेगा। जिससे रेलखंड की परिचालन क्षमता एवं संरक्षा का मूल्यांकन किया जा सके। निरीक्षण उपरांत संतोषजनक पाए जाने पर ही रेलखंड को यात्री उपयोग के लिए अनुमोदित किया जाता है।

इस नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत कुल 27 स्टेशन हैं, जिनमें रामगंज मंडी, जुल्मी, झालावाड़, झालरापाटन, जूनाखेड़ा, अमेठा, अकलेरा, पचोला, घाटोली, नयागांव, भोजपुर, देवपुरा, खिलचीपुर, राजगढ़, नरसिंहपुर, ब्यावरा, पीपलहेला, सोनकच्छ, नरसिंहगढ़, जमुनियागंज, कुरावर, श्यामपुर, दुराहा, जरखेड़ा, मुगलियाहाट, संत हिरदाराम नगर एवं निशातपुरा डी केबिन शामिल हैं।


उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत कुल 276 किलोमीटर में से निशातपुरा डी केबिन से ब्यावरा तक 111 किलोमीटर का रेलखंड भोपाल के अधीन आता है, शेष रामगंजमंडी से नरसिंहपुर तक 165 किलोमीटर का खंड कोटा मंडल के अधीन आता है। जिसमें भोपाल मंडल में निशातपुरा डी केबिन से श्यामपुर तक 42 किमी का कार्य पूर्ण हो चूका है। कुरावर-श्यामपुर 13.70 किलोमीटर का कार्य सीआरएस निरीक्षण के साथ पूरा हो जायेगा शेष लगभग 56 किलोमीटर का कार्य (सोनकच्छ-नरसिंहगढ़, ब्यावरा-सोनकच्छ) वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा करने का लक्ष्य है।

# पर्यावरण जागरूकता अभियान: प्रकृति ही जीवन का आधार है : तिवारी

**भोपाल ■ निसं**

रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विशेषज्ञ पी एस तिवारी का व्याख्यान आयोजित किया गया उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण ओर प्रकृति प्रेम ही जीवन का आधार है हमारी संस्कृति में ही वृक्षों नदियों ओर पशुओं से प्रेम ओर संरक्षण की शिक्षा दी जाती थी ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ वातावरण में जी सके आज पर्यावरण एवम् प्रदूषण पर गंभीरता से विचार करना होगा आज की युवा पीढ़ी को शिक्षित करना होगा

अंधाधुंध निर्माण से प्रदूषण वाहन




प्रदूषण वायु प्रदूषण जल प्रदूषण वनो की कटाई वृक्षों का कम होना प्लास्टिक का उपयोग गंभीर समस्या है हमें जागरूक होना है ओर समाज को जागरूक करना होगा। तिवारी जी ने पीपीटी द्वारा प्रदूषण समस्या और उसके निवारण पर विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि पार्यवरण से सरंक्षण सामाजिक भागीदारी से ही संभव है इसके लिए सरकार पर ही निर्भर नहीं रहना है पर्यावरण संरक्षण भारत ही नहीं विश्व के लिए चुनौती है ।

# एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे को भावभीनी विदाई, अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं



रायसेन ■ निसं

बैतूल स्थानांतरण होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे को भावभीनी विदाई दी गई। सांची रोड स्थित एक होटल, और पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई समारोह में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एडीएम मनोज उपाध्याय, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने श्री खरपुसे का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि रायसेन में पदस्थ रहते हुए कमलेश कुमार खरपुसे ने कई जटिल मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण किया। उनका व्यवहार सरल, सहज और सहयोगात्मक रहा तथा उन्होंने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि उनके रायसेन में पदभार संभालने के समय कई गंभीर और चुनौतीपूर्ण मामले लंबित थे। ऐसे समय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरपुसे ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए मामलों के निराकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने विभाग में छोटे-बड़े सभी कर्मचारियों को सम्मान और मार्गदर्शन दिया।

एडीएम मनोज उपाध्याय ने कहा कि श्री खुरपुसे के व्यवहार में कोई इगो नहीं थी जब भी उनका फोन करते थे तो वह काफी सहज और सरल भाषा में हमेशा तत्पर रहते थे।

अपने संबोधन में कमलेश कुमार खरपुसे ने कहा कि रायसेन में उन्हें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन का भरपूर स्नेह और सहयोग मिला। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रायसेन की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा, रायसेन एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा, बेगमगंज एसडीओपी सोनाली गुप्ता, बाड़ी एसडीओपी नीलम चौधरी, नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव,यातायात प्रभारी लता मालवीय, कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित विदाई एवं बधाई कार्यक्रम में संस्थान के प्रमुख डॉ. एच.बी. सेन, अनिल भंवरे, कोच दिनेश दिवाकर तथा स्थानीय मीडियाकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्री खरपुसे को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की सराहना की गई तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।गौरतलब है कि रायसेन में पदस्थापना के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हाल ही में प्रतिष्ठित रुस्तमजी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

## शास. पॉलीटेक्निक कॉलेज में द्वितीय चरण में प्रवेश 18 जून 2026 तक

**रायसेन।** रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में संचालित तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को 10वी के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश देकर सीधे इंजीनियर बनने का अवसर देता है।तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की ऑनलाइन काउंसिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन के द्वितीय चरण का पंजीयन 18 जून 2026 तक चल रहा है।शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में सिविल ब्रांच, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली. कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग संचालित हैं। प्राचार्य डॉ एसपी कोरी ने बताया कि इस वर्ष से डिप्लोमा उत्तीर्ण होने के उपरांत एनईपी के तहत माध्यमिक षिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा 12वीं समकक्ष मान्य किया गया है।इसलिए डिप्लोमा के साथ 12वीं की समकक्षता है।डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के बाद बीटेक हेतु द्वितीय वर्ष में प्रदेश के प्रतिष्ठित कॉलेज मे सीधे प्रवेश का अवसर है।वर्तमान समय मे किसी भी कंपनी या पीएसयू मे किसी तकनीकी डिप्लोमा के साथ कोडिंग स्किल की आवशकता होती है, जिससे नौकरी प्राप्त करना सरल हो जाता है।इस उद्देश्य से संस्था मे कोडिंग लैब प्रारंभ की गई है।अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुरूप संस्था के डिप्लोमा विद्यार्थियो को तैयार होने हेतु विदेशी भाषा सीखने हेतु 'सुभाष' पहल के अंतर्गत अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है एवं सक्षम बनाया जा रहा है।

## एनसीटीई पाठ्यक्रमों के प्रथम चरण का आवंटन जारी विद्यार्थियों को 15 तक जमा करना होगा प्रवेश शुल्क

**रायसेन।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एनसीटीई पाठ्यक्रमों (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. आदि) के प्रथम चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया गया है।प्रथम चरण में पात्र अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं।आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये 15 जून 2026 तक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 64,641 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 59,113 आवेदनों का सत्यापन किया गया।प्रथम चरण में 32,918 अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं।उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने लॉगिन के माध्यम से आवंटन की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय-सीमा में शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा नहीं करने पर आवंटन निरस्त माना जाएगा तथा सीट आगामी चरणों के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

### सारिपुत्र एवं महामोदग्लायन के पवित्र अस्थि अवशेषों की मंगोलिया प्रवास उपरांत स्वदेश वापसी

# भगवान गौतम बुद्ध के सिद्धांतों को विश्व में प्रवाहित कर रहे मोदी : मंत्री परमार

रायसेन ■ निसं

भगवान गौतम बुद्ध के परम् शिष्यों सारिपुत्र एवं महामोदग्लायन के पवित्र अस्थि अवशेष मंगोलिया के 10 दिवसीय प्रवास के उपरांत गुरुवार को राजा भोज विमानतल, भोपाल से सांची पहुंचे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा पवित्र अस्थि अवशेषों एवं प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधि मंडल का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विमानतल पर सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पवित्र अस्थि अवशेषों का श्रद्धा भक्ति के साथ स्वदेश में आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा इन्दर सिंह परमार उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक अवसर पर महाबोधि सोसायटी श्रीलंका, साँची के बड़े गुरु पूज्य बान गल उप तिस्स नायक थेरो, छोटे गुरु पूज्य बान गल विमल तिस्स थेरो, अपर मुख्य सचिव - संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला, संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव एवं मंगोलिया प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधि मंडल में इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्फेडरेशन (आईबीसी) के संचालक कर्नल यश सक्सेना, इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्फेडरेशन के एक्जीक्यूटिव एडमिन रोहित यादव, राष्ट्रीय संग्रहालय के डॉ. विमल कुमार एवं राकेश कुमार उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि यह गौरवपूर्ण अवसर है कि सारिपुत्र एवं महामोदग्लायन के पवित्र अस्थि अवशेष मंगोलिया की यात्रा कर पुन: हमारे बीच पहुंचे हैं। इन पवित्र अस्थि अवशेषों को विश्व में जहां भी बौद्ध समुदाय के देश हैं, उन तक पहुंचाना हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तिगत प्रयासों से संभव हो सका है। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि इस समय विश्व में जैसा माहौल हो रहा है उसमें युद्ध की नहीं, बुद्ध की आवश्यकता है। मंगोलिया प्रवास के दौरान गंदन मठ में पवित्र अस्थि अवशेषों को रखा गया एवं एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिए।



### मंगोलिया के श्रद्धालुओं ने पवित्र अवशेषों के दर्शन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की

उल्लेखनीय है कि पवित्र अस्थि अवशेषों की यात्रा भोपाल से 28 मई, 2026 को प्रारंभ हुई।31 मई 2026 को मंगोलिया की बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर इन पवित्र अवशेषों को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला गया।30 मई 2026 को असम के माननीय राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगोलिया के शिक्षा मंत्री महामहिम एंख-अमगलान तथा गंदन तेगचेनलिंग मठ के परम पूज्य खंबा नोमुन खान गेशे ल्हारामपा डी. जावजंदोर्ज को औपचारिक समारोह में ये पवित्र अवशेष सौंपे।इस प्रदर्शनी की घोषणा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2025 में मंगोलिया के राष्ट्रपति महामहिम उखनागिन खुरेलसुख की भारत यात्रा के दौरान की थी।भारत और मंगोलिया रणनीतिक साझेदार होने के साथ-साथ बौद्ध धर्म की साझा विरासत से जुड़े आध्यात्मिक सहोदर राष्ट्र हैं।इस प्रदर्शनी ने मंगोलिया के बौद्ध अनुयायियों को भगवान बुद्ध के दोनों प्रमुख शिष्यों के पवित्र अवशेषों के दर्शन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने का दुर्लभ अवसर प्रदान किया।दस दिनों की इस प्रदर्शनी के दौरान मंगोलिया के विभिन्न भागों से लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने इन पवित्र अवशेषों के दर्शन किए।अब तक इन पवित्र अवशेषों को केवल थाईलैंड और मंगोलिया में ही सार्वजनिक प्रदर्शनी हेतु भेजा गया है।

इस अवसर पर महाबोधि सोसायटी श्रीलंका, साँची के पूज्य बड़े गुरु जी बान गल उप तिस्स नायक थेरो ने अपने आर्शीवचन में कहा कि मैं आभारी हूं भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार का, जिनके प्रयासों से भगवान बुद्ध के परम शिष्य सारिपुत्र एवं महामोदग्लायन के पवित्र अस्थि अवशेषों के दर्शन दुनिया भर के बौद्ध अनुयायी कर पा रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने जिस प्रवाह को आगे बढ़ाया था आज उस प्रवाह को हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी विश्व भर में आगे बढ़ा रहे हैं। वे वासुदेव कुटुंबकम् के विचार को विश्व भर में प्रचारित कर रहे हैं। विश्व एक परिवार है, लोगों ने बाजार बनाने की कोशिश की। भगवान बुद्ध के शिष्यों ने भारतीय परम्परा ने अपनी मान्यताओं को संकुचित दायरे में नहीं रखा, निष्पक्ष रूप देने के साथ मानवता का जो संदेश दिया है, यही संदेश भारत की सनातन परम्परा के प्रवाह में यही मूल संदेश चाहिए है। आज गर्व का विषय यह है कि उस प्रवाह और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रख पा रहे हैं। विश्व के जिन देशों तक भगवान बुद्ध का संदेश पहुंचा है उस देश के साथ हमारा कभी टकराव नहीं हो सकता, क्योंकि उनसे तो हमारा सांस्कृतिक सम्बन्ध है।

### नाना काल भैरव उर्फ सुनील सराठे के भाई

# अनिल सराठे को उसके मामा के यहां से पुलिस ने किया गिरफ्तार



रायसेन ■ निसं

सांचेत गांव के कालभैरव धाम के नाना काल भैरव उर्फ सुनील सराठे के भाई अनिल सराठे को देवनगर पुलिस ने विदिशा जिले के ग्यारसपुर के खेरुआ से उसके मामा के घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को रायसेन कोर्ट में पेश किया, जहां सुनवाई के बाद न्यायालय ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए। वहीं मुख्य आरोपी बाबा सुनील सराठे उर्फ नाना काल भैरव अभी भी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है।

देवनगर पुलिस के अनुसार अनिल सराठे के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फरार चल रहे बाबाब सुनील सराठे को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**पत्नी ने दर्ज कराया था मामला:** सुनील सराठे की पत्नी आरती सेन ने देवनगर थाने में बाबा और उसके भाई अनिल सराठे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था।

**27 मई की मारपीट से शुरू हुआ विवाद:** जानकारी के अनुसार 27 मई की रात गांव में नाना कालभैरव उर्फ सुनील सराठे, उसकी पत्नी आरती सेन और पड़ोसी रामप्रसाद विश्वकर्मा के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान लाठी-डंडों से हमला किया गया। घटना में रामप्रसाद विश्वकर्मा सहित विश्वकर्मा समाज के कई लोग घायल हुए थे। रामप्रसाद के सिर में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद विश्वकर्मा समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अस्पताल में हंगामा किया था। दूसरी ओर सुनील सराठे ने भी पड़ोसियों और विश्वकर्मा समाज के लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए थे। मामले में दोनों पक्षों की शिकायतों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था।

**अस्पताल से फरार हो गया था बाबा:** मारपीट की घटना के बाद सुनील सराठे को उपचार के लिए भोपाल भेजा गया था, लेकिन वह अस्पताल से ही फरार हो गया। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**रायसेन, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून 2026 को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को योग के अनुरूप आरामदायक वेशभूषा धारण करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, 21 जून को आयोजित गतिविधियों की एकत्रित प्रतिवेदन रिपोर्ट 24 जून 2026 तक उच्च शिक्षा विभाग को भेजने के लिए कहा गया है। उच्च शिक्षा विभाग का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

### बेकाबू आयशर ने बाइक को टक्कर मारी

# लोगों ने पीछा किया तो तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए अंडे की दुकान में घुसा, दो लोग घायल

रायसेन ■ निसं

रायसेन शहर के सागर तिराहे पर बुधवार रात करीब 12:30 बजे एक तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने बाइक और अंडे की दुकान को कुचल दिया। ट्रक ने पहले सड़क किनारे खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए।

**दौड़ाते हुए अंडे की दुकान में घुसा:** इसके बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भागने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने ट्रक की रफ्तार और बढ़ा दी। भागते समय सागर रोड स्थित बिजली कंपनी कार्यालय के सामने ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित एक अंडे की दुकान में जा घुसा।



दुकान के पास उस समय कुछ लोग बैठे हुए थे, लेकिन उन्होंने समय रहते वहां से हटकर अपनी जान बचा ली। हालांकि ट्रक की टक्कर से दुकान को काफी नुकसान पहुंचा है।

**ट्रक को जब्त कर थाने में रखवाया:** घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। गुस्साए लोगों ने ट्रक में सवार दो लोगों को बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रक

## कलेक्टर ने जिले में जनकल्याण शिविरों के प्रभावी और सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**वीसी के माध्यम से शिविर आयोजन की तैयारियों, राजस्व और सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश**

रायसेन ■ निसं

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ तथा सीएमओ को 12 जून से आयोजित हो रहे जनकल्याण शिविरों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविरों में आमजन की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो और पात्र नागरिकों को सुगमता से योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित कराएं। शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक न्याय, पंचायत विभाग, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों के द्वारा स्टॉल लगाते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितलाभ वितरण किया जाएगा।

बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर विश्वकर्मा ने राजस्व प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी, सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गिरदावरी कार्य की तहसीलवार समीक्षा करते हुए गिरदावरी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम को नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सबंल योजना के लंबित आवेदनों, निकायों की सीएम हेल्पलाईन निराकरण की मॉनीटरिंग, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में श्रमिकों का पंजीयन कराने और पीएम आवास के सत्यापन कार्य की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज उपध्याय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

# जनजागरूकता पर विशेष आयोजन करने पर बल दिया गया

विदिशा ■ निसं

नशामुक्त भारत अभियान की निहित बिन्दुओं की प्राप्ति के लिए विशेष पहल की जा रही है इसके लिए जिला व विकासखण्ड स्तर पर स्थानीय भौगोलिक संरचनाओं के आधार पर कार्ययोजना तय की गई है। जिला स्तरीय बैठक गुरूवार को अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी, स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



अपर कलेक्टर श्री डामोर ने कहा कि जिले में नशामुक्त अभियान के उद्धेश्यो की प्राप्ति के लिए जनजागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन ग्राम स्तरो पर आयोजित किया जाए। आमजनो की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए शपथ कार्यक्रमो का विशेष तौर पर आयोजन किया जाए। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रम स्कूल और कॉलेजो में भी आयोजित करने पर बल दिया है।

पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने कहा कि जिले में मादक पदार्थो का विक्रय ना हो इसके लिए सप्लायरो पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने गोपनीय सूचना देने वालो का नाम उजागर नहीं करने से आश्वस्त कराते हुए कहा कि हर स्तर पर सूचनाएं प्राप्ति के लिए जिला व विकासखण्ड स्तरो पर विशेष पहल की जाएगी। बैठक में नशामुक्त केन्द्र के माध्यम से संपादित किए जाने वाले कार्यो की भी जानकारियां प्रस्तुत की गई। इस दौरान बतलाया गया कि इन केन्द्रो में बच्चो को रखने की व्यवस्था नहीं है अत: भोपाल में बच्चों को रखने के लिए विशेष प्रबंध क्रियान्वित किए जाए। खासकर ऐसे बच्चे जो अल्पआयु में नशा से ग्रस्त हो गए है उन्हें नशे से विमुक्त कराने के लिए किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में भी विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए है। बैठक में स्वंयसेवी संस्थाओ के साथ-साथ अन्य के द्वारा नशामुक्त समाज की परिकल्पना को सार्थक करने के लिए आवश्यक प्रबंधो पर सुझाव सांझा किए गए है।

बैठक में औषधि निरीक्षक ने जानकारी दी कि एविल इंजेक्शन के दुरुपयोग को रोकने के लिए लगातार मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नियमित निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार से इन दवाओं का उपयोग नशे के उद्देश्य से न हो सके।

## नवागत एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानों की सुनी समस्याएं

गैरतगंज / रायसने ■ निसं

गैरतगंज के नवागत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) हर्षल चौधरी ने किसान संगठनों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का उद्देश्य किसानों की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण की दिशा में आवश्यक कदम उठाना रहा। बैठक के दौरान एसडीएम चौधरी ने किसान प्रतिनिधियों से उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करना प्रशासन की



प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन और किसानों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखें तथा उनकी शिकायतों का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निराकरण करें।

बैठक में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नरेश सिंह राजपूत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पूजा जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गोविंद नामदेव, खाद्य अधिकारी संगीता बंजारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। किसान संगठनों की ओर से मुकेश धाकड़, मिट्ठूलाल मीना, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि नीरज जैन तथा क्षेत्र के अनेक किसान भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के अंत में प्रशासन और किसान प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए नियमित संवाद बनाए रखने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित।: संपादक- डी.पी.गोयल ।मो.9827054436, 9826735596. व्यवस्थापक: श्याम अग्रवाल, भोपाल कार्यालय : 4240007. फैक्स:0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।